प्रेस नोट **07/02/2025**

आनलाइन ठगी गई रकम (18999/.रू) खाते में साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा वापस कराया गया–
पुलिस अधीक्षक मऊ महोदय के द्वारा साइबर अपराध व साइबर अपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहें अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के महोदय तथा क्षेत्राधिकारी नगर/अपराध महोदय के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद मऊ के टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये आनलाइन ठगी के शिकार श्री त्रिभुवन सिंह पुत्र अम्बिका सिंह निवासी हलधरपुर थाना हलधरपुर जनपद मऊ की फ्रॉडर द्वारा आवेदक का फर्जी रिश्तेदार बनकर 18999 रूपये फ्रॉड की गई सम्पूर्ण धनराशि थाना साइबर क्राइम द्वारा त्वरित कार्यवाहीं करते हुए 24 घंटे के अन्दर आवेदक के खाते में वापस कराई गई। आवेदक द्वारा उच्चधिकारियों व साइबर क्राइम पुलिस थाना के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।
घटनाक्रमः-

साइबर फ्राडर ने आवेदक को " आवेदक का रिश्तेदार बनकर फर्जी तरीके से फ्राड कर बैंक खाता में 18999/- रू जमा करा लिया* फ्राड कि जानकारी हुई जिसपर आवेदक द्वारा तत्काल साइबर पोर्टल पर शिकायत की गई।

साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरूक रहकर ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है

किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तत्काल निम्नलिखित तरिकों के माध्यम से सूचना दें।

1. साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930/112 पर कॉल करें।
2. www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। तथा जनपद थाना व साइबर क्राइम सेल से तत्काल सम्पर्क करें।

बरामदकर्ता-
निरीक्षक हरेन्द्र कुमार यादव मय टीम, साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद-मऊ।

अन्जान व्यक्ति के खाते मे गलती से भेजे गये कुल धनराशि 20,000 रुपये थाना कोपागंज साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–
पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना कोपागंज साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए अन्जान व्यक्ति के खाते मे गलती से भेजे गये, पीडित संगम वर्मा पुत्र शशि प्रकाश वर्मा निवासी चन्दनपुरा थाना कोपागंज जनपद

मऊ के कुल धनराशि 20,000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना कोपागंज के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया । साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक श्री विजय प्रकाश मौर्य थाना कोपागंज, उ0नि0 दुर्गेश कुमार, म0उ0नि0 प्रियंका सिंह, का0आ0 अभिजीत पटेल, का0 अंकित चौरसिया, म0आ0 उर्वशी शुक्ला थाना कोपागंज जनपद मऊ।